# हरिभूमि रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार, 13 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 26.7 डिग्री

न्यूनतम 8.5 डिग्री


10 जिलेभर में श्रद्धा से याद किए गए संत रविदास





12 नामांकन 17 तक, किसी पार्टी ने घोषित नहीं किया ...




## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की सुबह 10 बजे बैठक
- मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों की बैठक

## बिजली कट

- सुबह 10 से 5 बजे तक राजीव कॉलोनी, खोकरा कोट, सलारा मोहल्ला, रामजोहड़ी, बाल्मीकि चौक, तेज कालोनी, हनुमान कालोनी

## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में किया गया। पीजीआई एमएस थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि नरवाना निवासी विक्रम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 29 जनवरी को विक्रम पीजीआईएमएस में आया हुआ था। विक्रम अपनी ई-रिक्शा को ट्रामा सेंटर मे खड़ी कर वार्ड में चला गया। वापिस आने पर विक्रम को अपनी ई-रिक्शा नहीं मिली। जांच के दौरान 11 फरवरी को आरोपी सुशील निवासी भल्लोर जिला पानीपत व बहादुर निवासी धामड़ को गिरफ्तार किया गया है।

### यजुर्वेद ब्रह्म पारायण महायज्ञ आज से

**रोहतक।** आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम रोहतक के संस्थापक महात्मा प्रभु आश्रित महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में 13 फरवरी से 16 फरवरी तक यजुर्वेद ब्रह्मपारायण महायज्ञ का आयोजन वैदिक भक्ति साधन आश्रम किया जाएगा। जानकारी देते हुए आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता ने बताया कि यज्ञ ब्रह्मा के रूप में आचार्य स्वदेश महाराज मथुरा से पधार रहे हैं।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**सांपला।** कस्बा निवासी संदीप ने अपनी माता की याद में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में करीब 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस रक्तदान शिविर में समाज सेवी बंसी मक्कड़ परिवार के सभी सदस्यों ने रक्तदान किया। मास्टर रामकुमार, सुबेदार राजकुमार, डॉक्टर सुरेश आदि मौजूद रहे।

### घर के बाहर खेलते समय पिटबुल का हमला, मालिक के पास नहीं है लाइसेंस

# प्रतिबंधित कुत्तों का आतंक बहुअकबरपुर में बच्चे को नोचा

**आसपास के लोगों ने बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़वाया**

- नगर निगम के पास नहीं है खतरनाक कुत्तों की जानकारी
- पिटबुल, राटवेलर और डोगो अर्जेंटीनो सहित अन्य कुत्तों को खरीदकर ला रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में पिटबुल, राटवेलर और डोगो अर्जेंटीनो सहित अन्य खतरनाक प्रजाति के कुत्ते पालने पर रोक लगी हुई है। कुत्ते पालने के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कुत्ते बच्चों से लेकर बड़ों तक को निशाना बना रहे हैं। बुधवार को गांव बहु अकबरपुर में एक पिटबुल कुत्ते ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे को कई जगह से काट लिया, जिससे बच्चा घायल हो गया। आसपास के लोगों ने बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़वाया। घायल बच्चे की मां रेखा ने बताया कि घर के बाहर बेटा रचित अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। अचानक रवि नामक युवक के पिटबुल कुत्ते ने बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उसके बेटे रचित को बुरी तरह से घायल कर दिया। पड़ोसी संजय व अन्य लोगों ने उसके बच्चे को कुत्ते के चंगुल से छुड़वाया। घायल की मां रेखा ने बताया कि पिटबुल कुत्ते के मालिक रवि के पास कुत्ता पालने का कोई लाइसेंस नहीं है। साथ ही कुत्ते को कोई इंजेक्शन भी नहीं लगवाया गया था। रवि ने लापरवाही करते हुए कुत्ते को गली में खुला छोड़ दिया, जिसके कारण कुत्ते ने हमला किया।

**पिट बुल के काटने से घायल रचित**







### धड़ल्ले से विदेशी प्रजाति के कुत्ते खरीद रहे लोग

कुत्ते काटने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए नगर निगम ने खतरनाक कुत्ता पालने पर रोक लगा दी थी। अब निगम पर आरोप लगता है कि नियम तो बना दिए लेकिन नियमों का पालन कराने में अधिकारी सक्षम नहीं है। नियम केवल कागजों में दबकर रह गए हैं। लोग धड़ल्ले से विदेशी प्रजाति के कुत्ते खरीदकर ला रहे हैं और पाल रहे हैं। यदि नगर निगम द्वारा कुत्ता पालन पर निगरानी की जाए तो लोग नियमों का पालन करना शुरू कर देंगे।

### निगम की लापरवाही, लोग भुगतने को मजबूर

निगम की इस लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन बच्चों की जान पर बन आती है। जिसके बाद निगम को होश आता है। घटना के बाद अधिकारी खानापूरी कर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते हैं।

### 13 वर्षीय बच्ची पर पिटबुल ने किया था हमला

गांव निलौठी में एक 13 वर्षीय बच्ची पर पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए परिजनों द्वारा नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे रोहतक के पीजीआईएमएस में रेफर कर दिया गया। थाना आसौदा पुलिस ने शिकायत पर पिटबुल कुत्ते के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना आसौदा पुलिस को दी शिकायत में घायल बच्ची के पिता प्रवीण ने बताया कि 28 मार्च को वह अपनी बेटी को गांव के खेल स्टेडियम में ज्वेलियन थ्रो की प्रेक्टिस कराने के लिए लेकर गए थे। सुबह करीब 7 बजे गांव का युवक अपने पिटबुल कुत्ते के साथ वहां आया। आरोप है कि अपने कुत्ते से उसकी बेटी पर हमला करवा दिया। कुत्ते के हमले से बेटी तनवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

### पहले मालिक फिर कुत्ते पर हमला

कुछ दिन पहले शहर के सेक्टर-2 स्थित एक पिटबुल ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। वह व्यक्ति अपने कुत्ते लैबरा को घुमा रहा था। इस दौरान अचानक से एक पिटबुल आया और युवक का पैर पकड़ने की कोशिश की। इस पर व्यक्ति जैसे ही आगे से हटा तो पिटबुल ने लैबरा कुत्ते की गर्दन दबौच ली। पिटबुल के मालिक ने उसे अपनी और खींच लिया। लेकिन तब तक लैबरा कुत्ते की गर्दन लहुलूहान हो गई थी। इसके अलावा कई कॉलोनियों में ऐसे हमले होते रहते हैं।

### ये हैं नियम

- सभी पालतू कुत्तों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।
- एक फ्लैट में अधिकतम दो कुत्ते पंजीकरण कराया जा सकते हैं।
- पीटबुल, राट वेलर, डोगों अर्जेंटीनो सहित अन्य आक्रमक कुत्तों को पालने पर रोक
- इन कुत्तों के पंजीकरण और ब्रीडिंग पर भी रोक लगी है।
- कुत्ते को बाहर ले जाते समय उसे मजल लगानी होगी।
- पार्क व लिफ्ट में कुत्ते को मजल लगी होनी चाहिए।
- छह माह से कम उम्र के आक्रामक कुत्ते का निगम में शपथ पत्र देना होगा।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

बच्चे को पिट बुल कुत्ते के काटने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल पर पहुंची और डॉक्टर से एम-एलआर प्राप्त की। पुलिस ने पीड़ति बच्चे के परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। **-अमित कुमार**, जांच अधिकारी, थाना बहु अकबरपुर

### इंद्रा कॉलोनी में एंटी नारकोटिक्स टीम की छापेमारी

# नशीला पदार्थ खरीदने आए 4 युवकों से लगवाई उठक-बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंद्रा कॉलोनी में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान टीम ने नशीला पदार्थ खरीदने आए 4 युवकों को पकड़ा और मौके पर ही उठक-बैठक लगवाई। एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी पीएसआई मनोज ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि इंद्रा कॉलोनी में कुछ युवक नशीला पदार्थ खरीदने के लिए जा रहे है। सूचना के आधार पर टीम ने छापा मारा और नशीला पदार्थ खरीदने आए युवकों को काबू कर लिया। पुलिस ने मौके पर ही युवकों से उठक-बैठक लगवाई।



पीएसआई मनोज ने बताया कि नशा खरीदने के लिए आए युवकों को चेतावनी दी गई है कि दोबारा अगर नशीला पदार्थ खरीदा तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एंटी नारकोटिक्स सेल की तरफ से लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# बार में आज होगी हाउस की मीटिंग

- चुनाव कमेटी ने 1319 के नाम बिना किसी वजह काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


वोट काटने को लेकर हुए विवाद को लेकर जिला बार एसोसिएशन में बृहस्पतिवार को हाउस की मीटिंग बुलाई जाएगी। जिसमें चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक से वोट काटने को लेकर जवाब लिया जाएगा। इसके बाद हाउस वोटर लिस्ट को लेकर फैसला करेगा। मंगलवार को वोटर लिस्ट से एक हजार से ज्यादा अधिवक्ताओं के नाम कटने पर विवाद हो गया था। प्रधान पद के उम्मीदवार अरविंद श्योराण ने इस पर विरोध जताते हुए कहा कि चुनाव 3536 की वोटर लिस्ट पर होना चाहिए। एक भी अधिवक्ता का नाम काटा गया तो वह आमरन अनशन पर बैठ जाएंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव कमेटी ने 3536 की वोटर लिस्ट में से करीब 1319 के नाम बिना किसी वजह से काट दिए। इसकी वजह से हाउस की मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें सर्वसम्मति से एडवोकेट रणधीर सुहाग को प्रधान घोषित करते हुए 13 फरवरी को मीटिंग बुलाने का निर्णय लिया गया था। तब तक के लिए चुनाव कमेटी को कहा गया है कि वह वोटर लिस्ट से नाम काटने को लेकर स्पष्टीकरण दें अन्यथा हाउस की मीटिंग बुलाकर दोबारा चुनाव अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

# शेर के बच्चे मिलने की सूचना पर गांव पहरावर पहुंची वन्य विभाग की टीम

**टीम को अंदेशा, बिलाव देखने पर की ग्रामीणों ने शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव पहरावर में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने खेत में एक शेर का बच्चा देखा और इसकी शिकायत वन्य विभाग की टीम को दे डाली। वन्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कई एकड़ फसल में सर्च अभियान चलाया। इसके बाद टीम ने बताया कि यहां शेर का बच्चा नहीं हो सकता, यह किसी बिलाव को देखकर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कर दी। शेर का बच्चा गांव में देखने की सूचना के बाद ग्रामीणों में भी डर का माहौल बना हुआ है। उन्हें डर है कि बच्चों के साथ कहीं शेरनी भी गांव में मौजूद न हो। इसलिए ग्रामीण खेतों में भी जाने से कतरा रहे हैं। गांव के कुछ लोग खेतों की तरफ गए हुए थे, जिन्होंने गेहूं की फसल में किसी जीव को देखकर यह अनुमान लगाया कि यह शेर का बच्चा हो



सकता है। इसके बाद यह सूचना गांव में फैल गई और उन्होंने वन्य एवं जीव विभाग को जानकारी दी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कई एकड़ फसल में सर्च अभियान चलाया लेकिन उनके हाथ कोई सुराग नहीं लगा। अधिकारियों का कहना है कि यहां शेर का बच्चा नहीं आ सकता और यह कोई बिलाव हो सकता है। संभावना है कि विभाग की टीम वीरवार को भी सच अभियान चलाएगी। हालांकि अधिकारियों के बयान के बाद ग्रामीणों ने रात की सांस ली। उधर ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें शक है कि यहां शेर के बच्चों के साथ शेरनी भी हो सकती है, इसलिए उन्हें डर लगा हुआ है और वह खेत में नहीं जा रहे हैं।

### गहनता से जांच पड़ताल की जाएगी

वन्य एवं जीव विभाग के अधिकारी का कहना है कि रोहतक में शेर के बच्चे होने की कोई संभावना नहीं है फिर भी इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जाएगी। लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। यहां खेतों में अक्सर बिलाव के होने की संभावना रहती है।

**चुनाव** | 28 फरवरी को होगा चुनाव, प्रधानी के तीन उम्मीदवारों में टक्कर

# महम बार एसोसिएशन चुनाव में एडवोकेट प्रदीप ढाका और रंजना ने प्रधान पद के लिए किया नामांकन

- अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए पांच वकीलों ने नामांकन पत्र जमा करवाए
- आज नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, कल नामांकन पत्र वापस लेने का दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम बार एसोसिएशन चुनाव के लिए बुधवार 12 फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन था। इस दिन बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट प्रदीप ढाका और एडवोकेट रंजना ने प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं सेक्रेटरी पद के लिए विपिन बल्हारा, उपप्रधान पद के लिए प्रिंकल खुराना और ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के लिए ईशा खन्ना ने नामांकन





**महम।** रिटर्निंग अधिकारी राजेश गोयत को प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र सौंपते एडवोकेट प्रदीप ढाका व उनके साथ मौजूद अन्य वकील। फोटो : हरिभूमि

किया। इससे पहले प्रधान पद के लिए रवि शंकर सोनी सचिव पद के लिए सुमित कुमार, उपप्रधान पद के लिए राजपाल अहलावत और ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के लिए ममता ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। अब प्रधान पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उपप्रधान, सेक्रेटरी और ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिए दो दो प्रत्याशी मैदान में हैं। अब पूरा चुनाव बार के पूर्व प्रधान प्रदीप ढाका और निवर्तमान प्रधान रवि शंकर सोनी पैनल के वकीलों के बीच लड़ा जाएगा। दोनों ही पैनल के वकीलों में इस बार के चुनाव को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। अब कौन से पैनल के अधिक पदाधिकारी जीतकर आते हैं, यह तो चुनाव के बाद ही पता चल पाएगा। लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार मुकाबला काफी रोचक होने जा रहा है। 13 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। यदि किसी वकील को अपना नामांकन पत्र वापस लेना है तो उसके लिए 14 फरवरी का दिन निर्धारित किया गया है। इस दिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 14 फरवरी शाम को तस्वीर साफ हो जाएगी कि कौन कौन उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। उसके बाद 28 फरवरी को प्रधान, उपप्रधान, सचिव और सहसचिव पद के लिए मतदान होगा। चुनाव के बाद लाइब्रेरियन और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### सांखोल गांव से लापता युवक का सुराग नहीं

**बहादुरगढ़।** सांखोल गांव से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। खरखोदा के निवासी सन्नी का कहना है कि वह फिलहाल खरखौदा में रहता है। मेरा 19 वर्षीय लड़का नितिन मानसिक रूप से बीमार है। दस फरवरी को वह घर से बाहर गया लेकिन वापस नहीं आया। तब से लेकर अब तक उसे तलाश रहे हैं लेकिन कुछ सुराग नहीं लग पाया है। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है।

### हथियार सप्लाई करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया है। सीआईए वन बहादुरगढ़ प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने 23 जनवरी को बहादुरगढ़ शहर से एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ काबू किया था। मामले में जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि यह हथियार आसंडा के निवासी प्रविंद्र से लिया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए प्रविंद्र को काबू कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### जिले में चोरों ने उड़ाई किसानों की नींद

**बहादुरगढ़।** चोरी की वारदातों ने किसानों की परेशानी भी बढ़ा रखी है। आए दिन किसी न किसी गांव के खेत से मोटर, बिजली की तार सहित अन्य कृषि उपकरणों की चोरी हो रही है। इस वजह से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। उनका कामकाज भी बाधित हो रहा है। बीते कुछ दिनों में यहां आधा दर्जन गांवों में वारदात हो चुकी है। ताजा मामला गांव कुलासी का है। यहां के निवासी रमेश चंद्र का कहना है कि उसने अपने खेत में सोलर मोटर की व्यवस्था कर रखी है। मंगलवार की रात को खेत से काम कर लौटा था। तब तक सब कुछ ठीक थ लेकिन बुधवार की सुबह खेत में गया तो मोटर और करीब एक एकड़ में फैली बिजली की तार नहीं मिली। अपने स्तर पर जांच की और ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अज्ञात चोर वारदात को अंजाम दे गए हैं।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की शिक्षाएं हैं पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक : उपायुक्त

# जिलेभर में श्रद्धा से याद किए गए संत रविदास

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बुधवार को रविदास आश्रम में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** संत रविदास छात्रावास में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा को स्मृति चिन्ह देते रविदास सभा के पदाधिकारी।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास उन महान संतों में अग्रणी थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने में अहम भूमिका निभाई। संत गुरु रविदास जैसे महान संतों की शिक्षाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। संत गुरु रविदास संपूर्ण मानव जाति के पथ प्रदर्शक थे। उनकी शिक्षाएं सैंकड़ों सालों बाद आज भी प्रासंगकि हैं। उन्होंने समारोह में मौजूद नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षित करें, जिससे कि उनका भविष्य उज्जवल हो। सरकार संतों के बताएं मार्ग पर चलकर सभी वर्गों का भला किया है। उपायुक्त बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर शहर में स्थित संत रविदास छात्रावास में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संत महापुरुष किसी एक विशेष समाज या एक जाति के नहीं होते। उनको किसी एक धर्म या जाति में नहीं बांधा जा सकता। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास समाज को एकता के सूत्र में पिरौने का काम किया और समाज में भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज में अपनी वाणी से अंधविश्वास और भेदभाव मिटाने का संदेश दिया। उनकी वाणी हमेशा प्रासंगिक रहेगी।

उन्होंने कहा कि संत रविदास ने कर्म को प्रधान मानते हुए इंसान को मेहनत करने का संदेश दिया। संत गुरु रविदास के अनुसार कोई भी कार्य छोटा-बड़ा नहीं होता। इंसान को अपना सद्कर्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत रविदास किसी भी प्रकार की मोहमाया और लोभ-लालच से कोसों से दूर थे और वे पाखंड के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने अपनी वाणी में कहा है कि ऐसा चाहूं राज मैं, मिले सबको अन्न, छोटे-बड़े सब साथ बसें, रैदास रहे प्रसन्न। यानि समाज में किसी भी किसी प्रकार का भेदभाव न हो और सभी खुश हों। उपायुक्त ने समारोह में मौजूद लोगों से समाज में अपना अमूल्य योगदान देने का आह्वान किया। समारोह के दौरान गुरु रविदास सभा द्वारा उपायुक्त का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान दौरान सम्मान किया गया। इस दौरान रविदास सभा के प्रधान जगबीर अहलावत, उप प्रधान रविंद्र बिरला, महासचिव विजय कुमार, सचिन सुभाष चंद्र, नरेंद्र, राम सिंह गौतम, सूरजमल, बलवान, अजीत, नरेश, राजवीर, अशोक, शील कुमार, पवन चोपड़ा, सतीश अश्विनी, अंकित अहलावत और भूपेंद्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### मन की शुद्धता के बिना परमात्मा का दीदार नहीं हो सकता : डॉ अशोक कुमार रंगा

**रोहतक।** संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की 648 वीं जयंती पर डॉ आंबेडकर नगर, गांव खेड़ी साध, आंवल व काहनौर गांव में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि गुरू रविदास महाराज ने अपनी वाणी में कहा है कि जब तक मनुष्य का मन पवित्र नहीं होगा, तब तक मनुष्य परमात्मा की भक्ति नहीं कर सकता। मन की पवित्रता पवित्र अन्न पर निर्भर करती है और अन्न पवित्रता व्यक्ति की नेक कमाई पर निर्भर करती है। इस व्यक्ति का सदाचारी होना आवश्यक है। गुरू रविदास महाराज की शिक्षाएं उनके जीवन काल के साथ भी और उनके जीवन काल के बाद भी प्रासंगिक हैं तथा आदि काल प्रासंगिक रहेंगी। इस दौरान भाजपा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली ने कहा कि गुरू रविदास महाराज संत परंपरा के शिखर पुरुष हैं। भक्ति काल के अग्रज होने के नाते उन्होंने भारतीय समाज में फैली कुरुतियों और अन्धविश्वास की बेड़ियों को तोड़ने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान ऋषिपाल आंबेडकर नगर, सुरेश प्रधान आंवल, प्रधान काहनौर, काहनौर सरपंच प्रतिनिधि भूप सिंह, योगेश तंवर, खेड़ी साध, नरेश, प्रवीन, अरविंद, विशाल, सूरजाराम, कपिल आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।



### जयंती पर संत रविदास को किया नमन

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के प्रांगण में अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा प्रधान अशोक कांगड़ा के नेतृत्व में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती उनके चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर व लड्डू बांटकर धूमधाम के साथ मनाई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अशोक कांगड़ा ने बताया कि गुरु रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमे समानता, भाईचारे और मानवता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। संघ के महासचिव धर्मेंद्र गोठवाल ने भी संत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर कृष्ण गोच्छी, संजय पोड़िया, धर्मपाल, हरिमोहन, देवेंद्र, सुरेंद्र, शमशेर, सन्नी, सुभाष, सुरेश आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर बच्चों ने नाटक से दिया संत रविदास का संदेश



**रोहतक।** संत रविदास जयंती सेवा भारती हरियाणा प्रदेश रोहतक कार्यालय महावीर कॉलोनी में मनाई गई। सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों ने इस मौके पर संत रविदास के जीवन पर लघु नाटिका, देशभक्ती गीत गाया। इस मौके पर डॉक्टर विजेंदर प्रान्त सह सचिव सेवा भारती, जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह, बहन कमलेश, डॉ योगेश, डॉ ज्योति, समर्थ किशोरी विकास प्रमुख, मोतीराम जैन, हिमांशु, हरीश, राजेश, सतीश आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहर में महिलाओं को स्वास्थ्य सखी अभियान के तहत किया जागरूक

- एमडीडी ऑफ इण्डिया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का संयुक्त प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था तथा संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में सोनीपत रोड पर 'स्वास्थ्य सखी अभियान' के तहत स्लम एरिया की महिलाओं को जागरूक किया गया।

एमडीडी ऑफ इण्डिया की विक्टिम स्पोर्ट काउंसलर मिथलेश ने महिलाओं एवं लड़कियों को सैनेटरी नेपकिन बांटे। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई रखने बहुत जरूरी है। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान सैनेटरी नेपकिन का इस्तेमाल करना चाहिए। इस्तेमाल के बाद सेनेटरी नेपकिन को खुले में नहीं फैंकना चाहिए बल्कि इसे किसी पेपर में लपेट कर जला दें। यदि सैनेटरी पेड संभव नहीं है तो साफ सूती कपड़े का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। एक ही कपड़े को बार-बार इस्तेमाल न करें। गन्दे कपड़े का इस्तेमाल से महिलाओं को बीमारियां हो सकती हैं।

## केटलबेल में वीना मलिक ने दो स्वर्ण पदक जीते, अगले साल रोहतक में होगी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



62 साल वर्षीय एडवोकेट वीना मलिक इंडिया केटलबेल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में दो स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता गत दिनों दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय केटलबेल मैराथन फेडरेशन के सहयोग से हुई। इसमें 10 राज्यों और इराक के एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने भाग लिया। 62 साल की वीना मलिक ने 8 किलो केटलबेल से 194 बार उठाकर 10 मिनट स्नैच इवेंट में पहला स्वर्ण जीता। दूसरा स्वर्ण उन्होंने 30 मिनट नॉन-स्टॉप हाफ मैराथन जर्क इवेंट में 534 बार उठाकर हासिल किया। उन्होंने 6 महीने पहले ही केटलबेल खेलना शुरू किया था, जिससे साबित होता है कि उम्र किसी भी खेल में बाधा नहीं बनती। हरियाणा टीम की सफलता में वीना मलिक महत्वपूर्ण हिस्सा रही। टीम का नेतृत्व प्रेम राजपूत ने किया। इस टीम में प्रेम राजपूत, वीना मलिक के अलावा अरुण कुमार, नेहा धनखड़, याशिका मित्तल, पुष्कल गुप्ता और ज्योत्सना गुलाटी सुमित शामिल रही। 2026 में अगला आयोजन अगला भारतीय केटलबेल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में रोहतक में होगी। इसकी मेजबानी प्रेम राजपूत करेंगे। यह खेल रूस में शुरू हुआ और 2013 में भारत में भी इसकी शुरुआत हुई। केटलबेल खेल में निर्धारित समय में अधिकतम बार वजन उठाना होता है। इसके चार मुख्य प्रकार हैं। इनमें स्नैच,हाफ स्नैच, जर्क और लॉन्ग साइकिल शामिल है।

### ये रहे विजेता

टीम ने 12 स्वर्ण, 1 रजत,1 कांस्य जीता। प्रेम राजपूत का रिकॉर्ड रहा। इन्होंने 40 किलो वजन के साथ 62 बार उठाकर हाफ स्नैच इवेंट में नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया। ये कंडीडेट मास्टर ऑफ स्पोर्टस रैंक पाने वाले पहले भारतीय बने। विजेताओं को पुरस्कार पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दीपा मलिक ने दिए। दो पदक विजेता वीना मलिक ने बताया कि यह खेल भारत में लोकप्रिय हो रहा है।



### संत रविदास के संदेशों से लें प्रेरणा: प्रवीन सहगल

**रोहतक।** संत रविदास पार्क में पौधारोपण करते हुए रविदास जयंती मनाई गई। आरडब्ल्यूए सदस्य प्रवीन सहगल ने बताया कि संत रविदास के जीवनी से हमें प्रेरणा मिलता है कि कोई भी व्यक्ति किसी जाति का हो यदि उनके कर्म अच्छे हों तो समाज कल्याण करते हुए उनको याद रखते हैं और संत रविदास उन पहले व्यक्तियों में से थे जिन्होंने सभी भारतीयों के बुनियादी मानव अधिकारों की बात की। इस मौके पर समाजसेवी जसबीर कुमार, शैलेन्द्र शर्मा, प्रदीप ट्री मैन, संजय चुघ, जीतू मलिक, पंकज मलिक, रामबीर, संदीप चुघ, संजय खुराना व बच्चों ने सहयोग किया।

## सभी कैप्ट पद खोले जाएं : अशोक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिशन हरियाणा-सलाह का एक प्रतिनिधि मंडल कई अन्य शिक्षक संगठनों के साथ बुधवार को शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेट्री पंकज अग्रवाल व स्कूल शिक्षा निदेशक जितेन्द्र कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने आला अधिकारियों के समक्ष शिक्षक व विद्यार्थियों की मांगों को रखा। सलाह प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय मलिक व महासचिव अनिल सैनी, उपाध्यक्ष समर वीर सिंह, संदीप फौगाट, विकास ढलवाल, डॉ. विजेंद्र, रमन रोहिल्ला, जोगेन्दर सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

### ये हैं मांगें

स्थानान्तरण प्रक्रिया प्रति वर्ष मार्च माह में पूरी हो जानी चाहिए, ताकि सभी शिक्षक अपने नए स्टेशन के अनुसार अपने बच्चों का दाखिला करा सके। किसी भी विद्यालय में कोई भी पद केपट न रखा जाए। यदि किसी भी स्कूल में कोई खाली पद रहता है तो उस पद पर नियमित भर्ती की जाए, नियमित भर्ती तक अस्थाई शिक्षक समायोजित किए जा सकते है। स्थानान्तरण प्रक्रिया में स्वैच्छिक भागीदारी से पहले रेशनेलाइज सूची जारी की जाए। ब्लाक की अपेक्षा जोन आधारित व स्कूल आधारित चयन के अवसर उपलब्ध करवाना।शिक्षक स्थानान्तरण पालिसी में 5 वर्ष की ग्रामीण सेवा अनिवार्य की जाए।

## जंगल सफारी प्राणी जगत के लिए घातक सिद्ध होगी: जीवन सिंह

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

वन कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व प्रधान जीवन सिंह ने बताया कि जंगल सफारी बनाने का मुख्य उद्देश्य इको टूरिज्म को बढ़ाना तथा सरकारी राजस्व बढ़ाना है व निजी कॉरपोरेट सेक्टर को टूरिज्म में पूंजी निवेश के लिए आमंत्रित करना है। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना मात्र छलावा है। इको सिस्टम बिगड़ने से भी जो पर्यावरणीय हानि होगी उसकी भरपाई किसी प्रकार से भी होनी संभव नहीं होगी। उन्होंने बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला लाखों वर्ष पुरानी पृथ्वी की भौगोलिक विशेषता है पिछले काफी वर्षों से खनन के लिए ब्लास्टिंग, बोरिंग, क्रेशर गतिविधियों के चलते प्राकृतिक इको सिस्टम को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। 1975 से 2019 तक की सैटेलाइट इमेज अनुसार 3676 वर्ग किलोमीटर भूमि बंजर, 5772 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वर्ष 2008 से 10 में ही खनन कार्यों में शत प्रतिशत बढ़ोतरी व 2016-17 में 9. 8 लाख टन से अधिक है मिनरलज अवैध रूप से निकला हुआ पाया था।

### यह पड़ेगा असर

पूर्व कर्मचारी नेता जीवन सिंह ने कहा कि देश में हरियाणा का अरावली क्षेत्र सबसे निम्न स्तर का वन क्षेत्र है। जैविक रूप से सघन क्षेत्र है। प्राकृतिक आवास छीनने पर तेंदआ ,हिरण, नील गाय भोजन पानी की तलाश में क्षेत्र से बाहर आएंगे। वन विभाग के सर्वे अनुसार 180 पक्षियों ,15 मैमल,29 पशु व 57 तितली प्रजाति में अनेकों सर्पसरी प्रजाति के जंतुओं का आवास है। पर्यटन के लिए विकसित की जानी सुविधाओं के निर्माण में पर्यटकों के भ्रमण से उनके प्राकृतिक आवास सिकुड़ जाएंगे। सिंह ने बताया कि फॉरेस्ट सर्वे आफ इंडिया की 2021 की रिपोर्ट अनुसार प्रदेश में 3.6% वन क्षेत्र है। जिसमें अरावली क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। मरुस्थल रोकने ,भूमि में आद्रता बनाए रखने व वर्षा में सहायक की भूमिका अदा करती है।

जीवन सिंह का कहना है कि अरावली में खनन कार्य के चलते भूमि का जल स्तर गहरा होता जा रहा है 1000 फुट गहरे तक भी जल उपलब्ध नहीं है दो जिलों के 18.98 वर्ग किलोमीटर पहाड़ी क्षेत्र की तलहटी में रहने वाले लोगों की ईंधन व चारे की पूर्ति करने में सक्षम नहीं है।

## इलेक्ट्रिक बसें ही सरकार चलाना चाहती है तो खरीदें और रोडवेज के बेड़े में शामिल करे

# हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। 133--हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कार्यकारिणी बैठक को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्य कार्यकारिणी बैठक बुधवार को हुई। जिसकि अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद ने और संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। इस दौरान ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आर लक्ष्मैया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनिया ने परिवहन क्षेत्र में परिवहन कर्मचारी और मज़दूरों के हालात पर चर्चा करते हुए कहा 24 मार्च 2025 को आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आवाहन पर दिल्ली संसद कूच में भाग लेने की बात कही। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने कहा हरियाणा रोडवेज से 700 कर्मचारी दिल्ली संसद कूच में भाग लेंगे। उन्होंने कहा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के 15-16 फरवरी को कुरुक्षेत्र में 24 घंटे के पड़ाव में रोडवेज के कर्मचारी भारी संख्या में भाग लेंगे और 8 मार्च को हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आवाहन पर रोहतक में होने वाली कन्वेंशन में हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन के सैंकड़ों साथी भाग लेंगे। उन्होंने कहा सरकार इलेक्ट्रिक बसें चलाने के निर्णय रद्द करें और सरकारी बसें शामिल करें। कर्मचारी नेताओं ने बताया एक इलेक्ट्रॉनिक बस के बदले साधारण 6 बसें आती है, जो प्रदेश में सभी डिपो में 50-50 बसें लेने का जो निर्णय है अगर उसकी जगह पर साधारण 300/300 बसें डिपो के बेड़े में शामिल हों तो हरियाणा में लगभग 7200 से अधिक बसें उपलब्ध होंगी। एक बस पर 6 को रोजगार मिलता है। अगर इलेक्ट्रिक बसें ही सरकार चलाना चाहती है तो सरकार खुद अपनी बसें खरीदें और रोडवेज के बेड़े में शामिल करें। जबकि 62 रुपए पर किलोमीटर के हिसाब से बसें चलाने के निर्णय से जनता पर महंगा किराया और विभाग को घाटा होगा।

### 47 कैटिगिरी को सब्सिडी नहीं मिलेगी

इस स्कीम से बस में छात्र-छात्राओं व रोडवेज के स्टाफ को भी बैठने की अनुमति नहीं होगी। जिस बस में छात्र-छात्राएं व हरियाणा रोडवेज द्वारा दी जा रही 47 कैटिगिरी को सब्सिडी नहीं मिलेगी तो यह बसें आम जनता के किस काम की। अगर साधारण बसें लाई जाती हैं तो पूरे हरियाणा को बेहतर सेवाएं प्रदान होती।

### सरकारी बसें शामिल करें

यूनियन ने सरकार और परिवहन मंत्री से अपील की कि रोडवेज के बेड़े में प्राइवेट किलोमीटर स्कीम की बसे नहीं लाकर सरकारी बसें शामिल करें और इस निजीकरण की नीतियों को बंद करें। उन्होंने कहा कर्मचारियों के मांग मुद्दों को बातचीत के माध्यम से निपटारा करें। अगर सरकार इस ओर ध्यान नहीं देती है तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे। मीटिंग में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव सुमेर सिवाच, वरिष्ठ प्रधान शिवकुमार श्योराण, मुख्य संगठन सचिव रमेश श्योकंद, राज्य कैशियर सुशील ईक्कस, उपमहासचिव पवन शर्मा, उपाध्यक्ष जयकुवार दहिया, महिपाल, चंद्र भान खटक, राजेश बेरला, वीरेंद्र सिंह, सतबीर मुंडाल सहित अन्य मौजूद रहे।



हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 13 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 26.7 डिग्री

न्यूनतम 8.5 डिग्री

12 वेदों में प्रतिपादित यज्ञ के वास्तविक स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला






## खबर संक्षेप



### नहरी विभाग से हटाए कर्मियों का विरोध

**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी की सभी ब्रांचों की बीएंड आर ऑफिस यूनियन कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राज्य महासचिव इंदर सिंह सिहाग ने की। मीटिंग का उद्देश्य 17 फरवरी को उपायुक्त रोहतक के माध्यम से हरियाणा सरकार को 21 सूत्रीय मांग पत्र देना है। राज्य उप प्रधान धर्मराज ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की नहरी विभाग से हटाए गए एचकेआरएन कर्मचारियों को वापस लिया जाए, नहीं तो सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला चैयरमेन रामनिवास चोपड़ा, तेज सिंह रंग,फूल सिंह, रामचंद्र कलानौर आदि मौजूद रहे।

### गांव डोभ में हनुमान चालीसा का पाठ किया

**रोहतक।** श्री बालाजी धाम गांव डोभ में हवन यज्ञ के साथ-साथ 108 बार हनुमान चालीसा पाठ किया गया। मंदिर के संस्थापक प्रधान पुरूषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक महीने की पूर्णिमा को श्री बालाजी का संकीर्तन, भंडारा, भक्त मेला, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। भजन गायक अंजलि शर्मा, विनोद जांगड़ा, बबली वर्मा ने श्री बालाजी महाराज के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया। रिंकू महादेव ने झांकियां प्रस्तुत की। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में रोगियों की जांच की गई। इस अवसर पर सीए सुरेश सिंगला, रमेश गुप्ता, सुरेश गर्ग, संजय यादव, रवि चिटकारा, सुभाष बंसल, सुभाष, अमित कौशिक, राजेश गोयल, राकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, पंडित नरेश कौशिक, पंडित सुरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## माघ पूर्णिमा पर ध्वजारोहण किया



**रोहतक।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा उप आचार्य गौकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज द्वारा डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज, गौकर्ण तीर्थ पर ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा पर डेरे के इष्टदेव गुरू दत्तात्रेय भगवान के नाम से ध्वजारोहण किया जाता है। स्वामी कपिलपुरी महाराज ने सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बाबा गुलाबपुरी, पिंकी, गौरव, मोहित, गुलशन, लाटी, अनिल, लवली, वैसाखी, सुनील सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

# हिंदू शिक्षण संस्थान में मार्च के अंत तक होगा कार्यकारिणी का चुनाव

**रोहतक।** हिंदू शिक्षण संस्थान के 16 फरवरी को होने वाले जनरल बॉडी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हो गए। 16 फरवरी को होने वाले चुनाव में संस्था के 999 आजीवन सदस्यों में से 100 सदस्यों का चुनाव होना था, जिसके लिए कुल 115 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, इनमें से 15 सदस्यों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद सर्वसम्मति से 100 सदस्य चुने गए। ये बात बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान संस्था के प्रधान सुदर्शन धींगड़ा ने कही। 15 सदस्यों ने के नामांकन वापस लेने के बाद जो सर्वसम्मति से 100 सदस्य चुने गए हैं चुनाव अधिकारी एनएन गिरोत्रा द्वारा इस आशय की आधिकारिक घोषणा 16 फरवरी को की जाएगी। उसके बाद आम सभा की एक बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव को लेकर आगामी कार्यक्रम बारे निर्णय लिया जाएगा। प्रधान सुदर्शन धींगड़ा ने बताया कि प्रधान, उप-प्रधान, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव मार्च के अंत तक संपन्न कराया जाएगा।




**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते संस्था के प्रधान सुदर्शन धींगड़ा ,पूर्व प्रधान एडवोकेट राजेश सहगल व अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### आभार व्यक्त किया

पूर्व प्रधान एडवोकेट राजेश सहगल ने जनरल बॉडी के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न करवाने के लिए पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर सहित संस्था के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि प्रधान सहित अन्य पदाधिकारियों का चुनाव भी सर्वसम्मति से संपन्न होगा। इस मौके पर अश्वनी खुराना, जितेंद्र मेहता, श्याम कपूर, सुनील कुमार आहूजा, दिनेश कुमार दुआ, भारत भूषण बाठला सहित प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारी, हिंदू कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा, एचआईएमटी के निदेशक डॉ. हितेश ढल, डॉ. रश्मि छाबड़ा, अनिला बाठला, डॉ. बंदना रंगा, डॉ. चित्रा शर्मा, डॉ. सुमित, पवन धींगड़ा, श्वेता, नवीन आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम चुनाव के लिए बनाए 258 बूथ

# नामांकन 17 तक, किसी पार्टी ने घोषित नहीं किया मेयर प्रत्याशी

### चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम चुनाव के लिए तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। 17 फरवरी तक मेयर एवं पार्षद पद के लिए नामांकन किए जाने हैं लेकिन अभी तक भाजपा या कांग्रेस ने किसी प्रत्याशी को टिकट देने की घोषणा नहीं की है। भाजपा नेताओं का कहना है कि मेयर की लिस्ट केंद्रीय कमेटी द्वारा जारी की जाएगी। इसके लिए एक दो दिन का समय लग सकता है। वहीं कांग्रेस की तरफ से भी लिस्ट जारी करने में अभी कई दिन का समय है। भाजपा से जहां पूर्व ओएसडी अमरजीत सिंह, ओमप्रकाश बागड़ी, तारा चाहर, सुरेश किराड़, सरिता नारायण, रामअवतार वाल्मीकि व रेनू डाबला आदि नेता टिकट मांग रहे हैं वही कांग्रेस से पूर्व एमसी सूरजमल किलोई, सुरेंद्र सिंधू, उषा चौधरी, सतपाल टांक, रामफल पटवारी, राजेश बोहत सहित कई दावेदार टिकट के लिए आवेदन कर चुके हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि कौन सी पार्टी किस उम्मीदवार पर दांव खेलेगी।




**रोहतक।** मीटिंग लेते नगर निगम आम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत। *फोटो : हरिभूमि*

### आयकर विभाग में सिंगल विंडो स्थापित की गई

रोहतक में 285 बूथ बनाए गए हैं, जिसमें औसत वोटर संख्या 1120 प्रति बूथ है। अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए नगर निगम कार्यालय के भूतल पर स्थित आयकर विभाग में सिंगल विंडो स्थापित की गई है। निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार मेयर के चुनाव के लिए प्रत्याशी के प्रस्तावक का नाम नगर निगम की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। नगर निगम पार्षद के चुनाव के लिए प्रत्याशी के प्रस्तावक का नाम संबन्धित वार्ड की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रस्तावक को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। वहीं प्रत्याशी का शपथ पत्र 1-सी व 1-डी नोटरी या कार्यकारी मजिस्टेट्र से सत्यापित होना चाहिए। निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं एवं सभी अधिकारी निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए कृत संकल्प हैं।

### 6 अधिकारियों को सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया

नगर निगम आम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने बताया कि चुनाव के लिए 6 अधिकारियों को सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेयर पद के लिए नामांकन 17 फरवरी तक क्षेत्रिय परिवहन प्राधिकरण के सचिव कार्यालय एवं नगर निगम पार्षद पद के लिए संबंधित सह निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। नगर निगम पार्षद पद के लिए वार्ड अनुसार संबंधित सह निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। 18 फरवरी को सुबह 11:30 बजे के बाद निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों मे नामांकन पत्रों की छंटाई की जाएगी। 19 को प्रातः 11 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे तथा 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

# सांग में सेठ ताराचंद की कहानी को प्रस्तुत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय गौशाला पहरावर नंदिनी धाम में सांग के नौवें दिन का विष्णुदत्त शर्मा द्वारा सेठ ताराचंद तीसरा भाग की कहानी को प्रस्तुत किया गया। प्रधान नरेश शर्मा जी ने बताया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कसार गांव ने 2 लाख 32 हजार रूपये, नितिन कौशिक बोहर ने 2 लाख रूपये, ओमप्रकाश मास्टर मायना ने 1 लाख 71 हजार रूपये, रतिराम शर्मा सांगहेड़ा ने 1 लाख 21 हजार रूपये, जयभगवान शर्मा पहरावर ने 1 लाख 11 हजार रूपये, रमेश राणा पाकस्मा ने 1 लाख 11 हजार रूपये, विनोद शर्मा उर्फ टाली इस्माइला ने 101000 रूपये, सत्यनारायण महाराणा ने 100101 रूपये, कृष्ण शर्मा ने 111111 रूपये, अशोक पहलवान ककराना ने 111000 रूपये, सतेंद्र पूर्व सरपंच बालंद ने 111000 रूपये, रामबीर पहलवान ककराना ने 111000 रूपये, बिजेंद्र पहरावर ने 111000 रूपये, गांव पिलाना ने 431 मण गेहूं और 111111 रूपये, गांव बसाना ने 350 मण गेहूं, 101000 नगद रूपये और 2500 मण तूड़ा, कटेसरा गांव ने 350 मण गेहूं और 71000 रूपये, रवींद्र इस्माइला ने 51000 रूपये, इसके अलावा और भी दानी सज्जनों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया। इस अवसर पर फतेह सिंह मड़ौदी, ओमप्रकाश मास्टर मायना, संतराम बैरागी मायना, चंद्रभान भालोठ, कृष्ण राणा पाकस्मा, विक्रम बहादुरगढ़, प्रेम बहादुरगढ़, सतपाल बहादुरगढ़, संदीप शास्त्री भमभेवा, रमेश राणा पाकस्मा, काला पाकस्मा, बिजेंद्र ब्रह्मचारी, राजू, समुद्र किलोई, छोटूराम रोहतक, बलबीर मलिक कानूनगो, कृष्ण बलियाना, हनुमान सरपंच ककराना, अशोक ककराना, बिजेंद्र ककराना, जगबीर पाकस्मा, जोगा करोर, कृष्ण ईस्माइला, चन्द्रे बलियाना, धर्मेंद्र, बल्ले भैंसरू आदि मौजूद रहे।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में चित्रकला स्पर्धा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के नन्हे मुन्ने छात्रों (कक्षा 1 और 2) ने कला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने उसी समय दिए गए विभिन्न विषयों पर चित्र बनाए। जिनमें होली सीन, बर्थडे सीन, रिपब्लिक डे सीन, विंटर सीन तथा पार्क सीन मुख्य रहे। प्रतियोगिता में दोनों कक्षाओं में आराध्या, मनकीरत, पीहू, यशिका, अदिति ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान मनकीरत, निहारिका, सनाया, इनाया ढुल तथा तीसरा स्थान मायरा, कशिश, नव्या, वंशिका ने प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता मलिक ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों में रचनात्मकता और आत्म-विश्वास को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन तरीका है। बच्चों का उत्साह और उनकी कला ने सभी को प्रभावित किया। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया, साथ ही कहा कि विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्या मशेंका, ज्योति चावला, कनिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिविर में 83 लोगों की हुई जांच

**रोहतक।** अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर 3 में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। डायरेक्टर डॉ. मदान ने बताया कि कैंप में 83 रोगियों की जांच की गई। इसमें सभी रोगों के आयुर्वेदिक विशेषज्ञों ने रोगियों की जांच की एवं उन्हें स्वस्थ रहने के उपायों की जानकारी दी। डॉ. सुशील आर्य, डॉ. प्रिंस गिरोत्रा, डॉ. ममता, डॉ. हिमांशी, डॉ. शुभम, डॉ. अमित, डॉ. विधि ने रोगियों की जांच की। जांच में सीमा, अंजू, सुमित, मिलिन, प्रिया, प्रीति, सलोनी ने सहयोग किया। दर्द से परेशान रोगियों का अग्निकर्म द्वारा निःशुल्क इलाज किया गया। थाइरोविजन लैब की ओर से सभी रोगियों की कमल, तमन्ना, ऋषि द्वारा निःशुल्क शुगर जांच की गई। सभी को निःशुल्क दवाएं दी गई। कैंप में सहयोग के लिए क्लब प्रधान सूरजमल मलिक एवं अन्य सदस्यों का धन्यवाद किया गया।





### तरूण मिस्टर और सेजल बनी मिस परफेक्ट

**रोहतक।** महेंद्रा मॉडल स्कूल में 12वीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत हवन के द्वारा की गई। बच्चों ने फन गेम्स जैसे रस्साकशी, पुशअप्स, फोल्ड द पेपर डांस और बेलून डांस में भाग लिया। बच्चों ने कविताओं से अध्यापकों को भाव विभोर कर दिया। तरुण को मिस्टर परफेक्ट और सेजल को मिस परफेक्ट के खिताब से नवाजा गया। चेयरपर्सन रीटा हुड्डा, डायरेक्टर अनु सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# शोध के विभिन्न पहलू बताए



**रोहतक।** व्याख्यान देते जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रोफेसर शाहिद अहमद ।

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान द्वारा फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों के लिए संचालित शोध प्रविधि कार्यशाला में बुधवार को शोधार्थियों को शोध के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया गया। सुबह सत्र में जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रोफेसर शाहिद अहमद ने गुणात्मक डेटा विश्लेषण पर व्याख्यान दिया। गुणात्मक डेटा और इसके विश्लेषण के पहलुओं पर चर्चा की गई। कुवि के मनोविज्ञान विभाग के प्रो. (सेवानिवृत्त) प्रो. सीआर दरोलिया दोपहर के सत्र में परिकल्पना परीक्षण और मात्रात्मक विश्लेषण पर व्याख्यान दिया और एसपीएसएस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. सेवा सिंह दहिया ने रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत किया। कार्यशाला समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार व डॉ. शशि रश्मि ने सत्रों का संचालन एवं समन्वयन किया।

### वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित




**सांपला।** कसरेंटी नारायण मॉडर्न स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा रही। उन्होंने खेलों का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल बच्चों में शारीरिक शक्ति बढ़ाता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रेस, कबड्डी, रस्सा-कसी, लंबी कूद, लेमन रेस आदि प्रतियोगिताएं हुई। स्कूल डायरेक्टर रणदीप खत्री व राज सिंह खत्री ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में विशेष रुचि के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्य रीटा कपूर ने अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डीपी संतोष, रविंद्र मलिक, शीशपाल, नेहा, पूजा रानी, प्रीति, शर्मिला, पिंकी, मोनिका, लता, सुमन, मोनिका, अंकिता, नेहा आदि मौजूद रहे।

## वैदिक ज्ञान विज्ञान एवं संस्कृति को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार

# वेदों में प्रतिपादित यज्ञ के वास्तविक स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवि प्रभात ने उड़ीसा के बरगढ़ जिला स्थित नवप्रभात वैदिक विज्ञान शोध केंद्र द्वारा वैदिक ज्ञान विज्ञान एवं संस्कृति को लेकर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के तकनीकी सत्र में बतौर मुख्य वक्ता शिकरत की। डॉ. रवि प्रभात ने अपने प्रभावी संबोधन में वेदों में प्रतिपादित यज्ञ के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कतिपय पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वानों ने ने वेद-ब्राह्मणादि ग्रंथों की विकृत व्याख्या कर यज्ञ को हिंसा युक्त बता दिया गया है। जबकि वेदों में यज्ञ को स्पष्ट तौर पर अध्वर अर्थात हिंसा रहित कहकर संबोधित किया गया है। ब्राह्मणादि ग्रंथों में भी अनेक स्थानों पर इस तरह के प्रमाण प्राप्त होते हैं जहां यज्ञ को किसी भी प्रकार की पशुबलि आदि से रहित बतलाया गया है।डॉ. रवि प्रभात ने महाभारत का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि यज्ञ में हिंसा, मदिरा आदि के प्रावधान की बात कुछ धूर्त लोगों का कृत्य है। उचित शास्त्रीय युक्तियों से उन कथित विद्वानों की बातों का सप्रमाण खंडन करके यज्ञ के वास्तविक स्वरूप जो कि अत्यंत पवित्र है, हिंसा आदि चीजों से रहित है उसके वास्तविक स्वरूप से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ का विशेष महत्व रहा है, ज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा गया है, ऐसे में उसको हिंसा युक्त बतलाना कहीं न कहीं एक भ्रांति पैदा करना भी है जिससे कि लोगों में भारतीय संस्कृति एवं यज्ञ को लेकर भावनात्मक रूप से ह्रास पैदा हो। ऐसे में यह आवश्यक है कि शास्त्रीय प्रमाणों से इस तरह के कुत्सित प्रयासों पर विराम लगाया जाए, यह आह्वान डॉ. रवि प्रभात ने अपने व्याख्यान में किया।




### डॉ रवि प्रभात के शोध पत्र पर उत्साहवर्धन किया

इस संगोष्ठी में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्री निवास वरखेड़ी, अपेक्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. राजेश्वर मिश्र आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने डॉ रवि प्रभात के शोध पत्र पर सकारात्मक टिप्पणियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया एवं उड़ीसा की धरती पर एमडीयू के प्रतिनिधित्व के लिए सराहना की। नवप्रभात वैदिक विज्ञान शोध केन्द्र के निदेशक सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं पूर्व प्रधानाचार्य मोतीलाल नेहरू कालेज दिल्ली डॉ. वत्स शास्त्री ने भी इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 14 फरवरी तक होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री दिगम्बर जैन सराय मंदिर सराय मौहल्ला एवं समस्त जैन समाज द्वारा आयोजित श्री बाबा हुकुमंचद, जैन जति जी मंदिर भगवान महावीर मार्ग, झज्जर रोड में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 12 फरवरी से 14 फरवरी तक हो रहा है। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि पंडित नीतिन द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। इसके बाद मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, प्रधान अतुल जैन, सचिव अजय जैन, राजेश जैन डीएलएफ ने ध्वाजारोहण किया। सराय मंदिर से बैंड बाजे के साथ श्री जी को जैन जती में लाकर नई बेदी मे विराजमान किया। कलाकारों ने धर्म के भजनों को सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### ■ कलाकारों ने धर्म के भजनों को सुनाकर मंत्र मुग्ध किया

इस अवसर पर प्रदीप जैन, राजीव जैन, विकास दलाल, शलेन्द्र जैन, राजेश जैन डीएलएफ, शलेष जैन, चक्रेश जैन, अनुज जैन, अनिल जैन, रवि जैन, राकेश जैन, प्रदीप, राजीव जैन, नवीन जैन, सुनील जैन, सतीश जैन, अनुराग जैन, संजय जैन, मनोज जैन, पुनीत जैन, हन्नी जैन आदि उपस्थित रहे।